नईदुनिया

भोपाल, 22 अप्रैल 2024



भविष्य...। राजधानी के न्यूमार्केट क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच एक निर्वस्त्र बच्चा नारियल पानी के ठेले के पास इसलिए घूमता रहता है कि कोई दयालु उसे भी नारियल पानी पिला दे।

# यूपीएससी परीक्षा में चयनित प्रतिभागी हुए सम्मानित

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यूपीएससी के लिए मध्यप्रदेश से चयनित होने वाले सफल विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक समय था जब कोचिंग के लिए विद्यार्थी दिल्ली जाते थे। अब मध्यप्रदेश में किसी भी स्थान से कहीं से भी अपनी परीक्षा की तैयारी कर विद्यार्थी चयनित हो रहे हैं, जो पारदर्शिता का भी प्रतीक है।**

डॉ. यादव ने कहा कि चयनित विद्यार्थियों के जीवन में उत्कर्ष तो आ ही रहा है, उनके द्वारा शासन की व्यवस्थाओं में उच्च आदर्श, विनम्रता, साहस से कार्य कर राष्ट्र के लिए योगदान देना महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री आज हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग के चयनित मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों के विद्यार्थियों को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सम्मानित कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ. यादव ने यूपीएससी में चयनित सफल प्रतिभागियों और उनके परिजन को बधाई और मंगलकामनाएं दीं। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय राघवेन्द्र कुमार सिंह, आयुक्त एवं प्रमुख सचिव जनसंपर्क संदीप यादव, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय भरत यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आईपीएस परीक्षा में चयनित होकर चौथी रैंक प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने सेवा ज्वाइन नहीं की थी क्योंकि गुलामी का दौर था। भगवान राम के शासन में सुशासन की कल्पना की गई। सम्राट विक्रमादित्य ने भी शासन की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया। नियमों का पालन करवाने के लिए उन्होंने जीवन जिया। सभी के जीवन में ऐसा अवसर आता है जब हम ऐसे आदर्शों को सामने रखकर कार्य करें। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने वर्ष 1947 में सिविल सेवकों को मेटकाफ हाउस दिल्ली में संबोधित किया था। डॉ. यादव ने कहा कि आज अनेक ऐसे जनप्रतिनिधि देश के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहे हैं, जो कभी प्रशासनिक सेवाओं में थे।

आज कार्यक्रम में शामिल हुए चयनित अभ्यर्थियों में अयान जैन, सुश्री वेदिका बंसल, सुश्री आयुषि बंसल, आकाश अग्रवाल, सुश्री माही शर्मा, डॉ. सचिन गोयल, माधव अग्रवाल, अर्नव भंडारी, अद्वैत सिंघई, सुश्री आराधना चौहान, मनीषा धारवें, सुश्री पारमिता झालानी, संदीप रघुवंशी, जिज्ञासु अग्रवाल, क्षितिज आदित्य शर्मा, सुश्री रितु यादव, सुश्री पलक गोयल, सुश्री दिव्या यादव, शुभम रघुवंशी, श्री मानव जैन, सुश्री साक्षी दुबे, प्रज्जवल, चौरसिया, नितिन चंद्रोल, नीरज धाकड़, सुश्री सोफिया सिद्दीकी, सुश्री भारती साहू, निखिल चौहान और नीरज सोनगरा शामिल थे। कार्यक्रम में अयान जैन और कुछ अन्य सफल अभ्यर्थियों ने अपने विचार भी व्यक्त किए। इस अवसर पर संचालक जनसंपर्क रोशन कुमार सिंह, अपर सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय चंद्रशेखर वालिंबे, पुलिस अधीक्षक सुरक्षा समीर यादव, ओएसडी महेश चौधरी उपस्थित थे।

# न्यायालयीन अवकाश को लेकर बेंच और बार में तकरार

भोपाल (काप्र)।

**न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर बार और बेंच के बीच एक बार फिर तकरार की स्थिति निर्मित हो गई है। न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से शुरू होकर 30 जून तक रहेगा। हाई कोर्ट जबलपुर से इसके आदेश जारी भी हो गए हैं।**

इधर अधिवक्ता मांग कर रहे हैं कि न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश पहले की तरह 13 मई से 15 जून तक रखा जाए। इंदौर अभिभाषक संघ ने तो साधारण सभा बुलाकर सर्वानुमति से इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित कर जबलपुर भेज दिया है। हालांकि इस पर अब तक कोई निर्णय नहीं आया है। ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि फिलहाल तो न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से ही शुरू होगा। गौरतलब है कि न्यायालयों में वर्षों पुरानी परंपरा के मुताबिक 13 मई के आसपास एक माह के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता था। इस दौरान आपराधिक प्रकरणों के अलावा सिर्फ अर्जेन्ट मामले ही सुने जाते थे। सिविल मामलों की नियमित सुनवाई पूरी तरह से बंद रहती है। हालांकि आपराधिक प्रकरण भी इक्का-दुक्का ही सुनवाई के लिए लगते थे।

हाई कोर्ट ने इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक रूप से बदलाव किया है। हाई कोर्ट में 2 जून से 30 जून तक और जिला न्यायालयों में पहले की तरह 13 मई से 15 जून तक अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन अधिवक्ताओं ने मांग की कि दोनों न्यायालयों में एक जैसा अवकाश घोषित किया जाए, क्योंकि अलग-अलग अवकाश की तिथियां होने से अधिवक्ता अवकाश का आनंद ही नहीं ले पाएंगे। इस पर हाई कोर्ट ने जिला न्यायालय में अवकाश की तिथि में बदलाव करते हुए इसे भी 2 जून से 30 जून कर दिया।

## बदलाव चाहते हैं वकील

इधर, अधिवक्ताओं का कहना है कि सर्वाधिक गर्मी तो मई माह में रहती है इसलिए ग्रीष्मकालीन अवकाश भी मई में ही रहना चाहिए। जून में वर्षाकाल शुरू हो जाता है और बच्चों के स्कूल भी खुलने लगते हैं। ऐसे में अधिवक्ता चाहकर भी ग्रीष्मकालीन अवकाश में परिवार के साथ घूमने नहीं जा सकते। अधिवक्ताओं की मांग है कि अवकाश की तारीखों में बदलाव किया जाए और इसे पहले की तरह मई के दूसरे और जून के पहले पखवाड़े में रखा जाए। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय जबलपुर से ही हो सकेगा।

# तीसरे चरण में तीन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

भोपाल (काप्र)।

**मध्य प्रदेश में पहले चरण में छह सीटों पर 63.33 फीसदी मतदान हुआ। हालांकि यहां इससे अधिक मतदान होने की उम्मीद थी। पहले चरण को पार करके मध्य प्रदेश का चुनावी रण अब दूसरे और तीसरे चरण की ओर बढ़ गया है।**

प्रदेश में दूसरे चरण में 7 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में कुल 93 प्रत्याशी मैदान में हैं। दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद और बैतूल लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। मध्य प्रदेश में तीसरे चरण यानी 7 मई को मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, सागर, विदिशा, बैतूल और भोपाल में चुनाव होंगे। पहले तीसरे चरण में केवल आठ सीटों पर मतदान होना था लेकिन बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार की मृत्यु के कारण दूसरे चरण में इस सीट पर होने वाले चुनाव को स्थगित कर दिया गया था और इस प्रकार अब तीसरे चरण में कुल नौ सीटों पर मतदान होगा। इस चरण की नौ सीटों पर भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी दल कांग्रेस सहित कुल 144 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया।

तीसरे चरण में गुना, विदिशा और राजगढ़ जैसी हाई-प्रोफाइल सीटों पर मुकाबला होगा। गुना सीट से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदिशा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने राजगढ़ सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और अपने राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। तीसरे चरण की नौ सीटों के लिए 144 उम्मीदवारों ने कुल 223 नामांकन पत्र दाखिल किये। शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन 61 उम्मीदवारों ने 99 नामांकन पत्र दाखिल किये।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मध्य प्रदेश की छह सीट पर शुक्रवार को 63.33 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की 29 लोकसभा सीट में से शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा और सीधी सीट पर पहले चरण में मतदान हुआ। ये छह लोकसभा क्षेत्र 13 जिलों में तथा 47 विधानसभा क्षेत्र में फैले हैं। मध्य प्रदेश में 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में मतदान सम्पन्न होगा। पहले चरण में छह सीटों पर मतदान हो चुका है। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को छह सीट टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद लोकसभा सीट के लिए वोट डाले जाएंगे। तीसरे चरण में 7 मई को मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, सागर, विदिशा, बैतूल और भोपाल में चुनाव होंगे। चौथे चरण में 13 मई को देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन, खंडवा और इंदौर लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे।

# इंदौर कांग्रेस में बड़ी टूट की आशंका, 25 को आएंगे सामने

भोपाल (काप्र)।

**25 अप्रैल को एक ओर शंकर लालवानी भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन फार्म जमा करेंगे, वहीं भाजपा कांग्रेस के एक बड़े किले में सेंध लगाएगी। बताया जा रहा है कि इस दिन कांग्रेस के चुनिंदा पार्षदों सहित कांग्रेस के कुछ नेता भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।**

दावा तो लंबा-चौड़ा किया जा रहा है, लेकिन सही संख्या बताने में भाजपा नेता पीछे हट रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल दोनों ने कांग्रेसियों को भाजपा में लाने की कमान संभाल रखी है। हालांकि भाजपा स्थापना दिवस पर तय किया गया था कि अकेले इंदौर से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल किया जाएगा, जिसमें कुछ बड़े नेता भी होंगे, लेकिन भाजपा के नगर संगठन का दावा खोखला साबित हुआ। केवल एक बड़े नेता के रूप में महू के रामकिशोर शुक्ला को भाजपा में शामिल करवाया गया, लेकिन वह मामला भी अधर में है। अब एक बार फिर 25 अप्रैल को एक बड़ा कार्यक्रम करके कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल कराने की तैयारी की जा रही है। इसके पीछे भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और मौजूदा मंत्रियों को भी उनसे संपर्क करने को कहा गया है, ताकि वे बाद में पीछे नहीं हटे। कांग्रेस के दो पार्षद और उनके समर्थकों के भी भाजपा में आने की खबर उड़ रही है।

हालांकि जाहिर तौर पर वे मना कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस के कुछ पदाधिकारी जो संजय शुक्ला और विशाल पटेल से सीधे जुड़े हुए हैं, उनकी सूची तैयार कर ली गई है। सूची को लेकर भी एहतियात बरती जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में 10 हजार कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल करने की बात की जा रही है। हालांकि कांग्रेसियों का कहना है कि जिनको जाना था, वे चले गए हैं और अब कोई भी निष्ठवान कांग्रेसी भाजपा में नहीं जा रहा है। अपने गृह जिले में हो रही तोडफ़ोड़ को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी लगातार फीडबैक ले रहे हैं और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से ऐसे संदिग्ध नेताओं से संपर्क में रहने के लिए कहा गया है।

## पक्षियों को पानी देने के लिए महिलाओं ने वितरित किए 200 सकोरे

भोपाल (काप्र)।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की महिलाओं ने न केवल सकोरे वितरित करने का संकल्प लिया, बल्कि महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर करीब 200 सकोरे वितरित किए।

परिषद की अध्यक्ष दीप्ति जैन ने बताया कि जीव दया ही भगवान महावीर का संदेश है, जिसे वे पूरा कर रही हैं। उनकी परिषद की महिला सदस्य न केवल अपने घरों में दाना व पानी सकोरों में भरकर रख रही हैं, साथ ही सकोरे वितरित कर लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि अपनी छतों पर पक्षियों को दाना और पानी रखें।

# मथुरा से मंगाया चोला, बनारस से आया कपड़ा

भोपाल (काप्र)।

**चैत्र पूर्णिमा पर मंगलवार को पवन पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भोपाल के हनुमान मंदिरों में आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। शहर के प्रमुख मंदिरों में भगवान के वस्त्र (चोला) देश के अन्य नगरों से मंगाया गया है।**

न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में विराजमान अंजनी सुत के लिए मथुरा से 51 हजार रुपए का चोला मंगाया गया है, तो लोहा बाजार स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में विराजमान हनुमान जी के लिए बनारस से कपड़ा मंगाया गया है। न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के ट्रस्टी गोपाल दास मेहता ने बताया कि महाराज के लिए मथुरा से 51 हजार रुपए का चोला मंगाया है। इसे मथुरा के कारीगर बारीकी से तैयार करते हैं। चोला तैयार करने के दौरान ये कारीगर सात्विक एवं नियम धर्म से रहते हैं।

लोहा बाजार स्थित श्रीनाथजी मंदिर के बालाजी भक्त मंडल के गोपाल सोनी ने बताया कि श्रीनाथ बालाजी मंदिर में विराजमान हनुमान जी के लिए बनारस से चोले का कपड़ा मंगाया गया है। पूरा चोला भोपाल में मंडल के भक्त तैयार करते हैं, जिसमें जरदोजी का बारीक काम किया जाता है। चोला 51 हजार का पड़ता है। चौबदारपुरा स्थित श्रीबांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर में विराजमान हनुमान जी के चोले के लिए वृंदावन से कपड़ा मंगाया गया है। जिसे भोपाल में तैयार किया जा रहा है।

# कांग्रेस काल में सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं अब कोई आंख नहीं दिखा सकता : शर्मा

भोपाल (काप्र)।

**यह लोकसभा चुनाव सामान्य न होकर 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है। सभी नव मतदाताओं को यह मालूम होना चाहिए की 2014 से पहले कांग्रेस के कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएं, लूट, भ्रष्टाचार, भय एवं असुरक्षा का माहौल था।**



हमारा देश और हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं, आये दिन आंतकवादी घटनाएं होती थीं। लेकिन 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। कोई देश अब भारत को आंख उठाकर नहीं देख सकता। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हुआ है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर जिले के राजनगर में नवमतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। भाजपा श्री शर्मा ने राजनगर में सामाजिक सम्मेलन एवं चांदला में त्रिदेव व पंच परमेश्वर सम्मेलन को भी संबोधित किया है। श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ा है, वहीं देश में नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। देश की रक्षा, भारत के मान-सम्मान, गरीबों के उत्थान, महिलाओं के आत्मसम्मान और नौजवानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिन-रात कार्य कर रहे हैं। भाजपा के लिए आपका एक-एक बहुमूल्य वोट विकसित भारत के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण है। उन्होंने राजनगर के नव मतदाता साथियों से इस लोकसभा चुनाव में दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। श्री शर्मा ने राजनगर में पटेल व कुशवाहा समाज की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा जनसंख्या पिछड़े वर्ग की है। पिछड़ा वर्ग हमेशा से भारतीय जनता पार्टी के साथ है। भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग का सम्मान करने की दिशा में कार्य किया है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ जाति के नाम पर राजनीति करने का कार्य करती है, लेकिन मध्यप्रदेश में वर्षों शासन करने के बाद पिछड़ा वर्ग से एक भी मुख्यमंत्री नहीं बनाया। भाजपा ने पहले सुश्री उमा भारती, स्व. बाबूलाल गौर एवं शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री बनाया। वर्तमान में डॉ. मोहन यादव भी पिछड़ा वर्ग समाज से आते हैं और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भगवान महावीर की जयंती शुभ अवसर पर रविवर को पन्ना जिले में जैन मंदिर पहुँचकर पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। विष्णुदत्त शर्मा ने भगवान महावीर जयंती पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान महावीर का जीवन दर्शन हमें सदैव मानवता की सेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

# राहुल खुद अमेठी हार गए, कांग्रेस को क्या जिताएंगे : शिवराज

भोपाल (काप्र)।

**पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर उन्हें नमन किया और देश व प्रदेशवासियों के सुख-समृध्दि और शांति, खुशहाली की कामना की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने रविवार को विदिशा लोकसभा की सांची, भोजपुर और बुधनी विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित किया और अहमदपुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर महा-जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया।**



इस दौरान शिवराज ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और बाजार, दुकानों में भी लोगों से मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

श्री चौहान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता मैडम सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और राज्यसभा में बैकडोर से एंट्री ले ली है। क्योंकि उन्हें पता है कि, चुनाव लड़ेंगे तो हार जाएंगे। वहीं कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता राहुल गांधी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं। जो नेता खुद जीतने में सक्षम ना हो वो कांग्रेस को क्या जिताएंगे। कांग्रेस अपने गलत फैसलों की वजह से गर्त में जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, राहुल गांधी कहते हैं कि, भाजपा के घोषणा पत्र में गरीबों का जिक्र नहीं किया। राहुल बाबा तुम्हें हिंदी नहीं आती तो हम क्या करें, अंग्रेजी भी नहीं आती तो इटली की भाषा में हम नहीं लिख सकते। घोषणा पत्र में अगले पांच सालों तक गरीबों को मुफ्त राशन, घर-घर पानी, मुफ्त इलाज का जिक्र है। ये सब गरीबों के लिए ही है।

पूर्व मुख्यमंत्री लगातार अपने लोकसभा क्षेत्र में जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। रविवार को विदिशा लोकसभा क्षेत्र के अहमदपुर, सांचेत, मंडीदीप, तारानगर, साढ़े बाहर गांव और बुधनी में महाजनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया और चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही शिवराज ने जनसभा को भी संबोधित किया।